Regarding establishment of medical college in Buldhana Parliamentary Constituency-laid

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): मेरा संसदीय क्षेत्र बुलढाणा एक अति पिछड़ा हुआ जिला है और इसमें 13 तहसीलें आती है । मेरे संसदीय क्षेत्र/जिले में एक भी शासकीय मेडिकल कालेज उपलब्ध नहीं है तथा यहां पर अत्याधुनिक शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं का भारी अभाव है, जिस कारण गरीब बीमार लोगों को चिकित्सा उपचार में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । मैं आपको यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा शासकीय मेडिकल प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है । बुलढाणा में आज की स्थिति में शासकीय अस्पताल 309 बिस्तर का व 100 बिस्तर की नई इमारत तैयार है व 20 एकड़ भूमि भी उपलब्ध करा दी गई है तथा आवश्यक आधारभूत संवरचना निर्माण का कार्य भी पूरा हो चुका है । प्राथमिक जांच पड़ताल के लिए आई केन्द्रीय टीम ने भी निरीक्षण उपरांत बुलढाणा में मेडिकल कालेज की स्थापना को उपयुक्त पाया है । महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा दि. १३/०९/२०२३ को राष्ट्रीय मेडिकल कॉन्सिल, दिल्ली को निरीक्षण हेतु आवेदन दिया गया है । अतः मेरा अनुरोध है कि बुलढाणा में शासकीय मेडिकल कालेज की स्थापना हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार की समस्त औपचारिकताएं अविलम्ब पूर्ण करते हुए इसको शीघ्र खुलवाए जाने हेतु निर्देष प्रदान कराने का कष्ट करें ।